2017

HINDI

(Major)

Paper : 3.2

(Bharatiya Kavyashastra)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) "रमणीयार्थ-प्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।" प्रस्तुत उक्ति किसकी है?

(ख) काव्यशास्त्र के प्रथम ग्रंथ का नाम लिखिए।

(ग) व्यंजना शब्द-शक्ति का एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(घ) भरतमुनि के प्रसिद्ध रससूत्र का उल्लेख कीजिए।

(ङ) विभाव के दो प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

(च) करुण रस का स्थायी भाव क्या है?

(छ) किसने सर्वप्रथम रस-निष्पत्ति सम्बन्धी व्याख्या प्रस्तुत की थी?

(ज) केशवदास रसवादी आचार्य थे या अलंकारवादी?

(झ) 'साहित्यदर्पण' के प्रणेता कौन हैं?

(ञ) हास्य रस का स्थायी भाव क्या है?

2. संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) स्थायी भाव और संचारी भाव में प्रमुख अंतर क्या है?

(ख) वियोग शृंगार और करुण रस में मुख्य अंतर क्या है?

(ग) वक्रोक्ति को परिभाषित कीजिए।

(घ) रीति के कितने भेद हैं और क्या-क्या?

(ङ) अलंकार कितने प्रकार के होते हैं? नामोल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) विभिन्न आचार्यों के मतों के आधार पर काव्य-लक्षणों का विवेचन कीजिए।

(ख) काव्य के प्रमुख भेद क्या-क्या हैं? संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ग) काव्य-गुण से आप क्या समझते हैं? प्रमुख काव्य-गुणों पर प्रकाश डालिए।

(घ) रस के स्वरूप पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए।

(ङ) साधारणीकरण का तात्पर्य क्या है? रस-निष्पत्ति के क्षेत्र में साधारणीकरण का महत्त्व प्रतिपादित कीजिए।

(च) काव्य-प्रयोजन का आशय स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के संतुलित उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) आचार्य मम्मट के अनुसार काव्य-प्रयोजन क्या-क्या हैं? संक्षेप में प्रकाश डालिए।

अथवा

शब्द-शक्ति को परिभाषित करते हुए लक्षणा शब्द-शक्ति पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ख) रस को परिभाषित करते हुए काव्य में रस की महत्ता पर प्रकाश डालिए।

अथवा

विभिन्न आचार्यों द्वारा प्रतिपादित रस-निष्पत्ति विषयक मतों पर संक्षेप में विवेचन कीजिए।

(ग) 'अलंकार सम्प्रदाय' का ऐतिहासिक परिचय दीजिए।

अथवा

एक प्रमुख काव्य-सम्प्रदाय के रूप में 'ध्वनि-सम्प्रदाय' के महत्त्व का आकलन कीजिए।

5. उदाहरण एवं संघटना के साथ निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अलंकारों का परिचय दीजिए : 5×2=10

श्लेष ; उत्प्रेक्षा ; अतिशयोक्ति ; उपमा।

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** छंदों का सम्यक् परिचय दीजिए : 5×2=10

रोला ; गीतिका ; कवित्त ; मन्दाक्रान्ता।

★★★